संख्या–वे0आ0–2–2058/ दस–54(एम) / 2008टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
विशेष सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव / सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक : 08 सितम्बर, 2010

विषयः– वेतन समिति (2008) के नवम् प्रतिवेदन भाग–1 में राजकीय विभागों के कम्प्यूटर कर्मचारी (ई0डी0पी0) संवर्ग के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है वेतन समिति द्वारा राजकीय विभागों के कम्प्यूटर कर्मचारी (ई0डी0पी0) संवर्ग के सम्बन्ध में नवम् प्रतिवेदन भाग–1 में दी गयीं निम्न संस्तुतियों को स्वीकार करने का निर्णय लिया गया है :––

(1) विभिन्न राजकीय विभागों में ई0डी0पी0 संवर्ग में विद्यमान प्रोग्रामर ग्रेड–1 एवं इससे उच्च स्तर के पद सिस्टम एनालिस्ट, सीनियर सिस्टम एनालिस्ट, सिस्टम मैनेजर के पदों को मृत संवर्ग घोषित कर दिया जाय। उक्त पदों के धारकों द्वारा सेवा निवृत्ति / अन्य कारणों से पद रिक्त होने पर ऐसी रिक्तियों के सापेक्ष नियुक्तियॉ न की जायॅ। ऐसे पदों पर वर्तमान पदधारकों के बने रहने तक पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन यथावत् बने रहेगें। कार्यात्मक आवश्यकता होने पर इस श्रेणी के पदों से अपेक्षित कार्य आउटसोर्सिंग के रूप में एन0आई0सी0 / सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से कराया जाय।

(2) भारत सरकार द्वारा रू0 6500–10500 के वेतनमान वाले पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में रू0 7450–11500 के सादृश्य रू0 4600 ग्रेड वेतन अनुमन्य कराये जाने का सामान्य निर्णय अधिसूचना दिनांक 13 नवम्बर 2009 द्वारा लिया गया है। भारत सरकार के उक्त निर्णय के संदर्भ में राज्य में रू0 6500–10500 के पदों के लिये पुनरीक्षित वेतन संरचना में रू0 7450–11500 के सादृश्य रू0 4600 ग्रेड वेतन अनुमन्य कराये जाने की संस्तुति की गयी है। प्रोग्रामर ग्रेड–2 के पदों पर तद्नुसार रू0 7450–11500 के वेतनमान के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में ग्रेड वेतन रू0 4600 अनुमन्य कराया जाय।

(3) प्रदेश में ई0डी0पी0 संवर्ग में वर्तमान में विद्यमान पदों के संवर्गीय ढ़ॉचें, पदनाम, भर्ती की प्रकिया / अर्हता तथा पुनरीक्षित वेतन संरचना में

वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन निम्न तालिका के अनुसार रखा जाय :–

कम सं0	पदनाम	शैक्षिक एवं प्राविधिक अर्हता	भर्ती की विधि	पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन	
1	2	3	4	वेतन बैण्ड	ग्रेड वेतन
1	कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए	(1) मान्यता प्राप्त संस्था / विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा के साथ इण्टरमीडिएट या डी0ओ0ई0 'ओ' स्तर प्रमाण पत्र के साथ इण्टरमीडिएट। (2) डास/यूनिक्स/ विन्डोज के अन्तर्गत कार्यरत वातावरण में एम0एस0 आफिस/लोटस/ स्मार्टसूट आदि जैसे भिन्न भिन्न साफ्टवेयरों पर अंग्रेजी एवं हिन्दी में डाटा इन्ट्री का अच्छा ज्ञान तथा किसी नेटवर्किंग आपरेटिव सिस्टम के वातावरण का एक्सपोजर। (3) हिन्दी तथा अंग्रेजी में कम से कम 25 शब्द तथा 40 शब्द प्रति मिनट की गति।	सीधी भर्ती– विभागीय चयन समिति के माध्यम से।	वेतन बैण्ड–1 5200–20200	2400
2	कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी	––	कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पद पर 6 वर्ष की सेवा वाले पदधारकों में से पदोन्नति द्वारा।	वेतन बैण्ड–1 5200–20200	2800
3	कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी	––	कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर 6 वर्ष की सेवा वाले पदधारकों में से पदोन्नति द्वारा।	वेतन बैण्ड–2 9300–34800	4200
4	प्रोग्रामर ग्रेड–2 रू0	(1) पदोन्नति के मामले में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड– सी के पद पर कम से कम 6 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो। (2) सीधी भर्ती के मामले में निम्न अर्हता रखी जाय– (i) मान्यता प्राप्त संस्था /	50 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा तथा शेष 50 प्रतिशत पदों को पदोन्नति द्वारा– ऐसे कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–	वेतन बैण्ड–2 9300–34800	4600

		विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान मे पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के साथ स्नातक उपाधि या डी0ओ0ई0 'ए' स्तर प्रमाण पत्र सहित स्नातक उपाधि। (ii) डास/ यूनिक्स/ विन्डोज के अन्तर्गत कार्यरत वातावरण में सी/सी– फाक्सप्रो, आरडीवीएमएस जैसे ओरेकिल/ इनग्रेस /साइबेस, डीबी/2 आदि साफ्टवेयर डेवलपमेन्ट का अच्छा ज्ञान। (iii) किसी नेटवर्किंग आपरेटिव सिस्टम के वातावरण का एक्सपोजर। (iv) आफिस आटोमेशन पैकेजेज एवं इन्टरनेट का पूर्ण ज्ञान।	सी के पदधारकों में से जो सीधी भर्ती हेतु निर्धारित अर्हता धारित करते हों ।		

(4) प्रोग्रामर ग्रेड–2 एवं इससे ऊपर के पदों का एकीकृत संवर्ग नोडल विभाग वित्तीय सॉख्यिकीय निदेशालय के अन्तर्गत गठित किये जाने तथा नोडल विभाग द्वारा इन पदों के सम्बन्ध में एक आदर्श नियमावली बनाये जाने की आवश्यकता नहीं है।

(5) राजकीय विभागों से इतर अन्य संस्थाओं के ई0डी0पी0 संवर्ग के पदों के सम्बन्ध में संस्तुतियॉ सम्बन्धित संस्थाओं की पदवार/संवर्गवार संस्तुतियों के साथ दी जायेंगी।

2– कृपया उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजय अग्रवाल)
विशेष सचिव, वित्त।

संख्या–वे0आ0–2–2058(1)/दस–54(एम)/2008टी0सी0, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1) वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1

(2) निदेशक, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वित्त विभाग की वेब साइट पर डाले जाने हेतु।

आज्ञा से,

(नरेन्द्र कुमार)
संयुक्त सचिव।

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 66 सा0 वित्त–10–9–2010–(1012)–2000 प्रतियां (क0/आ0)।